आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 43 लखनऊ, रविवार 21 फरवरी से 27 फरवरी, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## देश के विकास में प्राइवेट सेक्टर को भी अवसर देना है: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की छठी बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों के मिलकर काम करने पर जोर दिया। राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई इस बैठक में उन्होंने कहा कि आज जब देश अपनी आजादी के ७५ वर्ष पूरे करने वाला है तब गवर्निंग काउंसिल की बैठक और महत्वपूर्ण हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "कोअपरेटिव फेडरलिज्म को और अधिक सार्थक बनाना और यही नहीं हमें प्रयत्नपूर्वक कंपटीटिव कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को न सिर्फ राज्यों के बीच, बल्कि डिस्ट्रिक्ट तक ले जाना है। ताकि विकास की स्पर्धा निरंतर चलती रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने कोरोना कालखंड में देखा है कि कैसे जब राज्य और केंद्र सरकार



ने मिलकर काम किया, देश सफल हुआ। दुनिया में भी भारत की एक अच्छी छवि का निर्माण हुआ। हम ये भी देख रहे हैं कि कैसे देश का प्राइवेट सेक्टर, देश की इस विकास यात्रा में और ज्यादा उत्साह से आगे आ रहा है। सरकार के नाते हमें इस उत्साह का, प्राइवेट सेक्टर की ऊर्जा का सम्मान भी करना है और उसे आत्मनिर्भर भारत अभियान में उतना ही अवसर भी देना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान, एक ऐसे भारत का निर्माण का मार्ग है जो न केवल अपनी आवश्यकताओं के लिए बल्कि विश्व के लिए भी उत्पादन करे और ये उत्पादन विश्व श्रेष्ठता की कसौटी पर भी खरा उतरे। केंद्र सरकार ने विभिन्न सेक्टर्स के लिए पीएलआई स्कीम्स शुरू की हैं। ये देश में मैन्यूफैक्च रिंग बढ़ाने का बेहतरीन अवसर है। राज्यों को भी इस स्कीम का पूरा लाभ लेते हुए अपने यहां ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करना चाहिए।

## लखनऊ के आदर्श कारागार का सजायाफ्ता कैदी फरार

लखनऊ। आदर्श कारागार का कैदी राकेश उर्फ फौजी (५०) शनिवार शाम को फरार हो गया। शाम वह खरीदारी करने के लिए बाजार गया था। रात तक लौटा नहीं। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। इसके बाद जेल प्रशासन ने गोसाईगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। कैदी की तलाश में तीन टीमें गठित की गई हैं। राकेश हाथरस के सिकंदरा राउ थानाक्षेत्र के सुजावलपुर गांव का रहने वाला है। आदर्श कारागार के जेलर वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि शनिवार को साप्ताहिक बंदी रहती है। इस कारण जेल के बाहर आदर्श कारागार के बंदियों की दुकानें बंद रहती हैं। शाम करीब पांच बजे वह खरीदारी करने के लिए गोसाईगंज बाजार गया था। वहीं, छह बजे गिनती के समय काम पर बाहर जाने वाले कैदी वापस लौट आए पर राकेश नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गई कुछ पता नहीं चला। इसके बाद गोसाईगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कैदी की तलाश में तीन टीमें गठित की गई हैं। बता दें, करीब दो माह पूर्व आदर्श कारागार का कैदी यशवंत निवासी सीतापुर महमूदाबाद वह भी भाग निकला था। वह पुताई करने के लिए जिला जेल गया था। उस दौरान सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर भाग निकला था।राकेश उर्फ फौजी को वर्ष २००५ में आगरा सेंट्रल जेल से आदर्श कारागार शिफ्ट किया गया था। हत्या के मामले में उसे गाजियाबाद कोर्ट से वर्ष २००३ में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेलर ने बताया कि कैदी की तलाश की जा रही है। तीन टीमें दबिश दे रही हैं।

## टॉफी देकर डेढ़ साल कीबच्ची को उठाने वाला गिरफ्तार

लखनऊ । राजधानी में डेढ़ साल की बच्ची को चोरी करने के प्रयास का मामला सामने आया है। अल्कापुरी कालोनी, गुडंबा निवासी ललित सोनी की बेटी सिद्धि सोनी को १६ फरवरी को एक व्यक्ति ने चोरी का प्रयास किया। इंटरनेट मीडिया पर यह मामला वायरल हुआ तो गुडंबा थाने में पुलिस ने एफआइआर दर्ज की और आरोपित को दबोच लिया। इस बारे में आइपीएस अमिताभ ठाकुर ने ट्वीटर पर पोस्ट किया था। उन्होंने इस प्रकरण की जांच कर एफआइआर दर्ज करने की मांग की थी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राकेश कुमार कर रहे हैं। शुक्रवार रात में डीसीपी उत्तरी ने रिपोर्ट दर्ज कर लेने की जानकारी ट्वीटर के जरिए दी। आरोप है कि १६ फरवरी को शाम सात बजे सिद्धि अपनी बड़ी बहन रिद्धि के साथ घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच एक अनजान व्यक्ति ने उसे टाफी का लालच दिया और उसे उठा कर भागने लगा। युवक को गायत्री मंदिर के पास से स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने पहले तो अपना नाम शुभम बताया।हालांकि थाने में जब उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि उसका नाम मेराज है। आरोपित मूलरूप से सीतापुर के चौना रामकोट का रहने वाला है। ललित का आरोप है कि उन्होंने कार्रवाई की मांग की तो थाने के दारोगा ने उनसे यह लिखवा लिया कि पुलिस अपनी ओर से उचित कार्रवाई करे। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को छोड़ दिया, जो ललित के घर आसपास टहलता दिखाई दिया। मामला बढ़ता देख पुलिस ने शनिवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित ने शुक्रवार को मामले की लिखित शिकायत की थी।

## किसानों की पीड़ा सुनने को तैयार नहीं है मोदी सरकार : प्रियंका

मुजफ्फरनगर। कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि पूंजापति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिये केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पिछले ६० दिनों से धरने पर बैठे किसानो की पीड़ा सुनने को तैयार नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने बघरा में किसान पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज किसान से लूट हो रही है और पीएम के दो पूंजीपति मित्रो को छूट दी गयी है। ६० दिनों से लाखों किसान इस देश की राजधानी दिल्ली के बाहर बैठे हुए है, संघर्ष कर रहे है आंदोलन कर रहे है। २१५ किसान शहीद हुए। बिजली काटी गयी,पानी रोका गया,उन्हे मारा पीटा गया। वे शांति के साथ बैठे थे। देश की राजधानी की सीमा को इस तरह से बनाया गया जैसे देश की सीमा हो और तमाम पुलिस फोर्स लगायी गयी। किसानों को प्रताड़ित किया गया। उन्होने कहा कि किसान को अपमानित किया गया और उसे देशद्रोही और आतंकवादी कहा। प्रधानमंत्री ने किसान का मजाक उडाया और उसे परजीवी व आंदोलन जीवि कहा। इंसान की तरह देश का भी हृदय होता है उस हृदय के धडकने से देश जीवित होता है। मेरा मानना है कि हमारे देश का हृदय उसका दिल किसान है जो जमीन से जुडा है। जमीन को सींचता है उसे उपजाऊ बनाता है। इस देश का अन्नदाता देश को जीवित करता है लेकिन आज जब चौधरी टिकैत के आंखों में आंसू आते है तो प्रधानमंत्री के होठों पर मुस्कुराहट आती है उन्हे मजाक सूझता है। कांग्रेसी नेता ने कहा प्रधानमंत्री ने हर चुनाव में यह वादा किया था कि गन्ने का भुगतान आपको दिया जायेगा । किसान को गन्ने का भुगतान अब तक नहीं मिला। सरकार कहती है कि किसान की आमदनी दुगनी होगी लेकिन नहीं हुई। पूरे देश में गन्ने का बकाया भुगतान १५ हजार करोड रूपये है जबकि दुनिया की सैर के लिये प्रधानमंत्री ने दो हवाई जहाज खरीदे और उनकी कीमत १६ हजार करोड रूपये है। आपके गन्ने के भुगतान से ज्यादा उनके हवाई जहाज की कीमत है उनके पास उन्हे खरीदने के लिए पैसे है लेकिन किसान के गन्ना भुगतान के पैसे नहीं है। ये स्थिति आज देश की है।

## खाता धारकों के रुपये हड़पने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। २५ से अधिक खाता धारकों के नौ लाख से अधिक रुपये हड़पने वाले शातिर जालसाज पोस्टमास्टर राम विलास को गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। वह खाता धारकों से खाते में रुपये जमा करने के नाम पर ऐंठता था और उसके बाद हड़प लेता था। इंस्पेक्टर पवन कुमार पटेल ने बताया कि गोमतीनगर मलेसेमऊ डाकघर के सहायक अधीक्षक अनूप कुमार अग्रवाल ने पोस्टमास्टर राम विलास के खिलाफ मई २०१६ में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। उसके बाद से पुलिस तलाश में लगी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमास्टर खाता धारकों से पहले खाते में रुपये जमा करने के नाम पर लेता। साथ में उनकी पासबुक भी लेता। वह रुपये न तो खाते में जमा करता और न ही बैंक में उसकी एंट्री करता। खाता धारकों की पासबुक में पेन से एंट्री करके उन्हें फिर वापस कर देता था। कई खाता धारक जब पोस्ट आफिस पहुंचे और उन्होंने खाते का बैलेंस चेक किया तो वह सन्न रह गए। इसके बाद मामले की जांच की गई तो पोस्टमास्टर की करतूत का पता चला। उसके बाद सहायक अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज कराया।

# सम्पादकीय

## कानून और उसकी भावना की सही व्याख्या

दिल्ली की एक निचली अदालत ने जो कहा, वैसी विवेकपूर्ण बात की आशा उच्चतर न्यायपालिका से की जाती है। इसे विडंबना ही कहेंगे, जिस समय हम उच्चतर न्यायपालिका से ऐसी बातें के लिए तरस रहे हैं, ये साधारण लेकिन आज के दौर में बेहद अहम बात एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कही। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों का मुंह बंद करने के बहाने असंतुष्ट लोगों को खामोश करने के लिए राजद्रोह का कानून नहीं लगाया जा सकता। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राना ने किसानों के प्रदर्शन के दौरान फेसबुक पर फर्जी वीडियो डालकर कथित रूप से राजद्रोह और अफवाह फैलाने के आरोप में गिरफ्तार दो व्यक्तियों– देवी लाल बुरदक और स्वरूप राम– को जमानत देने के दौरान यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि उनके सामने आए मामले में आईपीसी की धारा १२४–ए (राजद्रोह) लगाया जाना 'गंभीर चर्चा का मुद्दा' है। राजद्रोह कानून का संबंध जाहिरा तौर पर ऐसे कृत्यों से है, जिनमें हिंसा के जरिये सार्वजनिक शांति को बिगाड़ने या गड़बड़ी फैलाने की कोशिश की गई हो। पुलिस के मुताबिक बुरदक ने अपने फेसबुक पेज पर एक जाली वीडियो 'दिल्ली पुलिस में विद्रोह है और करीब २०० पुलिसकर्मियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया' टैगलाइन के साथ पोस्ट किया था। वो वीडियो हालांकि खाकी पहने कुछ होम गार्ड्स का है, लेकिन यह झारखंड का है, जहां ये गार्ड्स कुछ शिकायतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। यानी इसका संबंध किसान आंदोलन या दिल्ली पुलिस मे बगावत से नहीं है। इस वीडियो के संदर्भ में न्यायाधीश ने कहा– 'मैंने खुद अदालत में वीडियो देखा है, जहां यह जाहिर हो रहा है कि पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी बेहद आक्रोशित सुर में नारे लगा रहे हैं और पुलिस के कर्मियों का एक समूह उनके बगल में खड़ा है। बैकग्राउंड में आ रही आवाजें भी माहौल के बेहद गरम होने का संकेत देती हैं।' खुद जांच अधिकारी ने यह बताया था कि आरोपियों ने यह पोस्ट खुद नहीं लिखीं, बल्कि उन्होंने सिर्फ इसे फरवर्ड किया है। यह तर्कपूर्ण ही है कि अदालत ने इसे राजद्रोह का मामला नहीं माना। उसने दोनों आरोपी व्यक्तियों को ५० हजार की जमानत और इतनी ही रकम के दो मुचलकों पर जमानत दे दी। इसे कानून और उसकी भावना की सही व्याख्या माना जाएगा। अदालतों से आखिरकार ऐसा ही अपेक्षित रहता है।

# झूठ बोलते हैं मुख्यमंत्री योगी वो कर रहे अन्नदाताओं का अपमान– अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में सपा सदस्यों को लेकर दिये गये बयान को झूठा करार देते हुये कहा कि सपा सरकार के काम का श्रेय खुद लेने वाले योगी को बताना चाहिये कि उन्होने अब तक कितने थर्मल ६६० सुपर क्रिटिकल प्लांट लगाये हैं। अखिलेश यादव ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि सदन के पटल पर योगी की भाषा पर किसी को भी ऐतराज हो सकता है। वह सपा सदस्यों को कहते है कि चोरों को चांदनी रात अच्छी नहीं लगती, वे रात के अंधेरे में लूट करते है। वह योगी से पूछना चाहते हैं कि सपा की सरकार ने अपने कार्यकाल में थर्मल सुपर क्रिटिकल प्लांट लगाये थे। वह बतायें कि उन्होने अपनी सरकार में कितने ऐसे संयंत्रों की स्थापना की। कितनी ट्रांसमिशन लाइन बिछायी और कितने सब स्टेशन बनाये। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में लगे बिजली संयंत्रों की बदौलत उत्तर प्रदेश में बिजली की बहुतायात है मगर जनता महंगी बिजली की मार झेल रही है। योगी सरकार निवेश की बात करती है मगर बिजली मंहगी होने से कभी प्रदेश में निवेश नहीं आ सकता। सपा ने अपनी सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले में कभी समझौता नहीं किया। कभी अपने मंत्रियों पर लगे मुकदमे वापस नहीं लिये। योगी पता नहीं किस खेल की बात कर रहें हैं। वह बुलडोजर चलवा दो ठोक दो की भाषा बोलते है जो एक सीएम के मुंह से अच्छी नहीं लगती। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान



आंदोलन को दलालों को आंदोलन कह कर अन्नदाताओं को अपमान कर रहे हैं। वह सदन में झूठ बोलते हैं कि वह किसानो को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की बात करते है जो सरासर गलत है। वह बतायें कि क्या वह धान का एमएसपी दिला पाये। आज भी किसान गन्ने के बकाया का इंतजार कर रहा है। भाजपा की सरकार में किसान बर्बाद हो गये है। सरकार चाहती है खेती किसानी पर चंद पूंजीपतियों को नियंत्रण हो जाये, इसके लिये किसान और गरीबों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की नयी इमारत, मेट्रो रेल, एक्सप्रेस वे सभी सपा सरकार की देन है और योगी सरकार उदघाटन का उदघाटन, शिलान्यास का शिलान्यास करने में व्यस्त है। मुख्यमंत्री ने अपने कर्मक्षेत्र गोरखपुर में मेट्रो रेल शुरू करने की बात की है मगर अब तक इस दिशा में कुछ काम नहीं हुआ है। लखनऊ में सपा के शासन में जहां तक मेट्रो बनी थी, आज भी वहीं तक का सफर मेट्रो रेल से हो पाता है। पेट्रोल डीजल की बढती कीमतो पर उन्होने कहा कि सरकार न जाने इस पैसे को कहां लेकर जा रही है। घाटा और नाकामी को छिपाने के लिये जनता पर पेट्रोल डीजल पर लिये जाने वाले टैक्स का भार डाला गया है। डीजल पेट्रोल के साथ मंहगाई बढ जाती है। मध्यम गरीब किसान पर भार डाला है। जनता सोच रही है कि वह क्या बचाये और क्या खाये। सरकार तर्क देती है कि इससे देश बनेगा। इससे ज्यादा निराशा वाला तर्क नहीं हो सकता। महंगाई, बेरोजगारी समेत कई समस्यायों का सामना कर रही उत्तर प्रदेश की जनता को चुनाव की तारीख का इंतजार है और २०२२ में भाजपा की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लैपटाप से चिढ़ है क्योंकि उन्हे लैपटाप चलाना नहीं आता जबकि सपा ने अपने कार्यकाल में लैपटाप बांटे जिसका फायदा छात्रों को लकडाउन के दौरान हुयी अनलाइन क्लासेज में मिला। अखिलेश यादव ने मेधाावर छात्र मिनिश को लैपटाप भेंट किया। कांस्य पदक विजेता ि मनिश आईआईटी कानपुर में वायरलेस क्यूनिकेशन इंजीनियरिंग से एमटेक कर रहें हैं।


# अफवाह फैलाने के आरोप में कांग्रेस के पूर्व सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज

लखनऊ। उन्नाव जिले की पुलिस ने ट्विटर पर 'भ्रामक और अफवाह फैलाने' वाली पोस्ट करने के आरोप में पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता उदित राज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में उदित राज ने कहा कि सरकार पर दमन करने और सच की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि असोहा थाना इलाके के बबुरहा गांव में गत १७ फरवरी की शाम खेतों पर घास लेने गईं तीन दलित किशोरियों के एक खेत में संदिग्ध अवस्था में बेसुध पाए जाने के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। चिकित्सकों ने दो लड़कियों को मृत घोषित कर दिया था, जबकि एक लड़की को गंभीर हालत में उन्नाव अस्पताल ले जाया गया और बाद में कानपुर रेफर कर दिया गया। उन्नाव पुलिस द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक जिले के असोहा थानांतर्गत बबुरहा में १७ फरवरी की घटना के संबंध में उदित राज नामक ट्विटर हैण्डल से गलत, भ्रामक और आम जनमानस में



आक्रोश फैलाने वाली कथित पोस्ट की गई थी। इस मामले को लेकर पुलिस ने मामला पंजीत किया है। उन्नाव के पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों लड़कियों के साथ किसी प्रकार के बलात्कार की पुष्टि नहीं हुई है एवं परिजनों द्वारा बिना किसी दबाव के लड़कियों का अंतिम संस्कार किया गया है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कथित ट्वीट द्वारा जानबूझकर मनगढ़ंत एवं फर्जी खबरों को सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। जिसके चलते ही ट्वीटकर्ता (उदित राज) के विरुद्ध थाना कोतवाली में भारतीय दंड विधान और आईटी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजींत करके विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस बीच कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद डा. उदित राज ने कहा, "पूर्व सांसद सावित्री बाई फुले वहां गई थी और उनसे बातचीत के बाद हमने ट्वीट किया। ट्वीट में पूर्व सांसद का हवाला भी दिया है।" उदित राज ने कहा, "उत्तर प्रदेश में जो भी आवाज उठाये, उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। हाथरस में अधिकारियों ने अफवाह फैलाई तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन हम सच के साथ खड़े हैं और हमारी आवाज कोई दबा नहीं सकता है।

# मुलायम की बहू अपर्णा राम मंदिर निर्माण के लिए ११ लाख रूपये का दान दिया



लखनऊ। समाजवादी पार्टी की नेत्री तथा पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिये ११ लाख रूपये का दान दिया और कार सेवकों पर गोली चलाये जाने की घटना को दुखद बताया। अवध प्रांत के प्रचारक कौशल शुक्रवार की शाम अपर्णा के आवास पर आये और मंदिर निर्माण के लिये दान देने की अपील की। अपर्णा ने ११ लाख रूपये का चेक सौंपा। उन्होंनें अपने ससुर मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री रहते कार सेवकों पर गोली चलाये जाने की घटना को दुखद बताया और कहा कि उस समय जो हालात रहे होंगे उस पर वो कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। जो बीत गया उसे बदला नहीं जा सकता।

# फास्टटैग रियार्ज करने का झांसा देकर खाते से एक लाख उड़ाए

लखनऊ। फास्टटैग रिचार्ज करने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने राजेश चौरसिया निवासी जलथल विहार के खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक बीते दिनों एक व्यक्ति ने फोन करके ऑनलाइन फास्टटैग रिचार्ज करने के लिए। उसने एक एप सेंड की और उसके बाद उसका ओटीपी मांगा। ओटीपी देते ही खाते से एक लाख रुपये निकल गए।

# रीता बहुगुणा जोशी पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की यूपी सरकार की अर्जी खारिज

लखनऊ। वर्ष २०१५ में धरना–प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ व पुलिस बल पर हमला करने के मामले को जनहित में वापस लेने की राज्य सरकार की अर्जी को एमपी–एमएलए की विशेष अदालत ने निरस्त कर दिया है। विशेष जज पवन कुमार राय ने इस मामले को गंभीर करार देते हुए आरोपितों पर आरोप तय करने के लिए छह मार्च की तारीख तय की है। दरअसल, २५ दिसंबर २०१५ को विवेचना के बाद इस मामले में रीता बहुगुणा जोशी (वर्तमान में प्रयागराज से भाजपा सांसद), राजबब्बर, निर्मल खत्री, अजय राय, मधुसुदन मिस्त्री, राजेश पति त्रिपाठी व प्रदीप जैन आदित्य समेत १८ लोगों के खिलाफ आइपीसी की कई गंभीर धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। शनिवार को विशेष अदालत में आरोपित रीता बहुगुणा जोशी उपस्थित रहीं।१७ अगस्त २०१५ को कांग्रेस पार्टी का लक्ष्मण मेला स्थल पर धरना–प्रदर्शन था। इस



दौरान करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं के साथ अचानक सभी आरोपित धरनास्थल से विधान भवन का घेराव करने निकल पड़े। इन्हें समझाने व रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने एक न सुनी। आरोपितों ने संकल्प वाटिका के पास पथराव शुरू कर दिया था, जिससे भगदड़ मच गई। इस हमले में तत्कालीन एडीएम पूर्वी निधि श्रीवास्तव, एसपी पुर्वी राजीव मल्होत्रा, सीओ ट्रैफिक अवनीश मिश्रा, एसएचओ आलमबाग विकास पांडेय व एसओ हुसैनगंज शिवशंकर सिंह समेत पुलिस प्रशासन के कई अधिकारी व पीएसी के जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस पथराव में अशोक मार्ग से आने–जाने वाले राहगीरों को भी चोट आई थी। कई गाडियों के शीशे भी टूट गए थे। इस मामले की नामजद एफआइआर एसआइ प्यारेलाल प्रजापति ने हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराई थी। छह फरवरी को इस अर्जी पर अभियोजन व बचाव पक्ष की बहस के बाद विशेष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था।

# यूपी निवेशकों व उद्यमियों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में सामने आया : योगी


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के निरन्तर प्रयासों से राज्य निवेशकों और उद्यमियों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस–वे अथॉरिटी का क्षेत्र देश में निवेश का सर्वाधिक सम्भावना वाला क्षेत्र है। यहां पर निवेश के प्रस्ताव लगातार प्राप्त हो रहे हैं। नोएडा में डेटा सेण्टर पार्क तथा देश की सबसे बड़ी



डिस्प्ले यूनिट की स्थापना का कार्य तेजी से हो रहा है। जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट की स्थापना तथा यमुना एक्सप्रेस–वे प्राधिकरण में फिल्म सिटी का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर नोएडा प्राधिकरण तथा मेसर्स इंगका सेण्टर्स इण्डिया (आइकिया) के मध्य भूमि हस्तांतरण/लीज डीड विनिमय कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे।

# लखनऊ में शराब के ठेके के पास युवक की गोली मारकर हत्या

लखनऊ। काकोरी मोड़ के पास स्थित देशी शराब ठेके पर शनिवार रात नशेबाजी के विवाद में अजीत (२४) गोली मार कर युवक की हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपित नशेबाज भाग निकले। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में दबिश दे रही हैं।मौंदा गांव निवासी अजीत शनिवार रात काकोरी में नरौना गांव के पास स्थित देशी शराब ठेके पर बैठकर दो साथियों के साथ शराब



पी रहा था। इस दौरान वहीं पर खड़े नशे में धुत कुछ लोगों का आपस में विवाद हो गया। उन्होंने असलहे निकाल लिए और उनके बीच झगड़ा शुरू हो गया। इसबीच उन्होंने फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान गोली अजीत के सीने में जा धंसी। गोली लगने से अजीत मौके पर ही धराशाई हो गया। हत्यारोपित भाग निकले। वहीं, अजीत को उसके साथी अनुराग और अटल ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। जहां, डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ अधिकारी पहुंचे। मौके का निरीक्षण किया गया। मौके से पुलिस ने कारतूस और खोखे बरामद किए हैं। डीसीपी साउथ रवि कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आस पास लगे सीसी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। इसके अलावा हत्यारोपितों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।अजीत के दोस्त अटल ने बताया कि गोली शराब ठेके के मालिक रवि जायसवाल के रिश्तेदार ने गोली चलाई है। वही अपने साथियों के साथ वहां खड़ा था। अटल ने बताया कि अजीत एक कोरियर कंपनी में नौकरी करता था। उसकी शादी अभी नहीं हुई थी।

# जिस प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं वहां निवेश करने कौन आएगा : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि जिस राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। वहां निवेश करने कौन आएगा। उन्होंने पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्नाव की घटना का जिक्र करते हुए सरकार से पूछा कि आखिर राज्य में क्या हो रहा है, उन्नाव में लगातार घटनाएं हो रही हैं और इनका जिम्मेदार कौन है। इस दौरान बहुजन समाज पार्टी की सरकार में मंत्री रहे आर के चौधरी, पूर्व विधायक काली चरण राजभर, पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी ,वीरेन्द्र सिंह तथा भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी गुरबचन लाल समेत कई लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। अखिलेश ने कहा कि केंद्र सरकार को तीनों नए कृषि कानूनों को



वापस लेना चाहिए। उन्होंने पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर भी केंद्र सरकार पर हमला बोला। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में हिरासत में सर्वाधिक मौत हुई हैं और साथ ही सबसे ज्यादा फर्जी मुठभेड़ भी हुई हैं। उल्लेखनीय है कि उन्नाव के असोहा थाना अंतर्गत बबुरहा गांव में बुधवार शाम पशुओं के लिए चारा लेने गईं तीन दलित किशोरियों में से दो संदिग्ध अवस्था में मृत मिलीं, जबकि एक अन्य गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, मां सुरक्षित नहीं हैं, वहां कौन निवेश करने आएगा। उन्होंने कहा कि उन्नाव में लगातार महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं तथा हाथरस में तो रात में ही बेटी को जला दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार प्रदेश में निवेश के दावे कर रही है, लेकिन वह निवेश कहां हो रहा है, यह कहीं नहीं दिखता है।

# बाइक घोटाले के जालसाज बीएन तिवारी पर इनाम घोषित कराने की तैयारी

लखनऊ। करोड़ों के बाइक घोटाले में फरार आरोपित बीएन तिवारी के घर की कुर्की कराने के बाद भी आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा (ईओडब्ल्यू) उसका कोई ठोस सुराग नहीं लगा सकी है। आरोपित बीएन तिवारी पर शिकंजा कसने के लिए उस पर इनाम घोषित कराए जाने की तैयारी है। ईओडब्ल्यू मेरठ सेक्टर के अधिकारियों ने आरोपित बीएन तिवारी व वीरेंद्र सिंह हुड्डा पर इनाम घोषित कराने की कसरत शुरू की और कोर्ट में प्रार्थनापत्र भी दिया गया है। इसके अलावा फरार आरोपित दीप्ती बहल, लोकेंद्र व भूदेव पर ५०–५० हजार रुपये का इनाम घोषित करया जा चुका है। ईओडब्ल्यू इन पांचों आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही है। ईओडब्ल्यू ने एक फरवरी को आरोपी बीएन तिवारी के लखनऊ के गोमतीनगर में विवेक खंड स्थित मकान की कुर्की कराई थी। बीएन तिवारी की अन्य संपत्तियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। करीब तीन हजार करोड़ रुपये के बाइक बोट घोटाले में आरोपी बीएन तिवारी कई निजी कंपनियों का संचालन करता है और बाइक बोट घोटाले की बड़ी रकम उनकी कंपनियों के खातों में ट्रांसफर की गई थी। ईओडब्ल्यू मेरठ सेक्टर के प्रभारी एएसपी राम सुरेश यादव के अनुसार वर्तमान में पांच आरोपितों की तलाश कराई जा रही है। जांच में सामने आया था कि निवेशकों की रकम गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड कंपनी व कुछ अन्य कंपनियों के खातों में जमा कराई गई थी। बाद में सैकड़ों करोड़ रुपये कई अन्य निजी कंपनियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए थे। ईओडब्ल्यू जांच के दौरान अब तक २२ आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि एक आरोपित को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया है।

# बहुचर्चित कोआपरेटिव बैंक नियुक्ति घोटाले में जल्द एक और एफआइआर

लखनऊ। सपा शासनकाल में हुए बहुचर्चित कोआपरेटिव बैंक नियुक्ति घोटाले में जल्द एक और एफआइआर दर्ज हो सकती है। सहायक प्रबंधक के पदों पर हुई भर्ती में धांधली के मामले में पहले दर्ज की गई एफआइआर की विवेचना विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) कर रहा है। अन्य पदों पर हुई भर्तियों की जांच में भी अनियमितता सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि एसआइटी ने इस मामले में भी अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इसमें उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के तत्कालीन अध्यक्ष रामजतन यादव समेत अन्य के विरुद्ध एफआइआर दर्ज किए जाने की संस्तुति की गई है।एसआइटी ने शासन से हरी झंडी मिलने पर सहायक प्रबंधक के पदों पर हुई भर्ती में धांधली की एफआइआर दर्ज की थी। शासन ने २७ अप्रैल २०१८ को सहकारिता विभाग व अधीनस्थ संस्थाओं में एक अप्रैल २०१२ से ३१ मार्च २०१७ के मध्य की गई सभी नियुक्तियों की जांच एसआइटी को सौंपी थी। जांच में सामने आया था कि उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के जरिये कोआपरेटिव बैंक में चार प्रकार के पदों पर भर्ती पूरी की गई, जिनमें अनिवार्य शैक्षिक योग्यता में नियम के विपरीत परिवर्तन किया गया था। शासन ने एसआइटी को उप्र राज्य भंडारण निगम में वर्ष २०१३ तथा उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड में वर्ष २०१५–१६ में हुई भर्तियों की जांच पूरी कर जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। एसआइटी ने शेष पदों पर हुई दो हजार से अधिक भर्तियों में भी गड़बड़ी पाई है और एफआइआर दर्ज किए जाने की संस्तुति की है।

# सत्ता में रहते हुए संयम रखना जरूरी : पीएम मोदी


नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के विश्वभारती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, अगर विश्व भारती को सिर्फ एक यूनिवर्सिटी के रूप में देखना चाहते, तो वो इसे ग्लोबल यूनिवर्सिटी या कोई और नाम दे सकते थे, लेकिन उन्होंने इसे विश्व भारती विश्वविद्यालय नाम दिया। गुरुदेव टैगोर के लिए विश्व भारती सिर्फ ज्ञान देने वाली एक संस्था मात्र नहीं थी। ये एक प्रयास है भारतीय संस्ंति के शीर्षस्थ लक्ष्य तक पहुंचने का। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सत्ता में रहते हुए संयम और संवेदनशील रहना पड़ता है, उसी प्रकार हर विद्वान को, हर जानकार को भी उनके प्रति जिम्मेदार रहना पड़ता है जिनके पास वो शक्ति है। गुरुदेव कहते थे हे श्रमिक साथियों,



जानकार साथियों, हे समाजसेवियों, हे संतों, समाज के सभी जागरूक साथियों, आइये समाज की मुक्ति के लिए मिलकर प्रयास करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपका ज्ञान सिर्फ आपका नहीं, बल्कि समाज की, देश की हर एक भावी पीढ़ियों की भी वो धरोहर है। आपका ज्ञान अपकी स्किल एक समाज, एक राष्ट्र को गौरवान्वित भी कर सकती है। विश्व भारती तो अपने आप में ज्ञान का वो उन्मुक्त समंदर है, जिसकी नींव ही अनुभव आधारित शिक्षा के लिए रखी गयी थी। ज्ञान की रचनात्मकता की कोई सीमा नहीं होती है, इसी सोच के साथ गुरुदेव ने इस महान विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुरुदेव ने विश्वभारती में जो व्यवस्थाएं विकसित कीं, जो पद्धतियां विकसित कीं, वो भारत की शिक्षा व्यवस्था को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त करने, उन्हें आधुनिक बनाने का एक माध्यम थीं।

# कई मौकों पर नेताजी को भुला देने की कोशिश की गयीः अमित शाह

कोलकाता। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस का नाम लिये बगैर आज कहा कि कई मौकों पर लोगों ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान को आलोकित करने के बजाय उन्हें भुला देने की कोशिश की। शाह ने कहा कि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक समिति गठित की है जो यह सुनिश्चित करेगी आने वाली पीढ़ियां अपने इस महान नेता को सम्मान देते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती रहें। केन्द्रीय गृह मंत्री ने नेशनल लाइब्रेरी कोलकाता में एक कार्यक्रम में शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के युवाओं को नेताजी के बारे में पढ़ना जरूर चाहिए। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अपने भाषणों में कहती रही हैं कि प्रत्येक विद्यार्थी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा लिखित 'तरुनेर स्वप्नो' को पढ़ना चाहिए। शाह ने इस मौके पर तीन अलग-अलग मार्गों से साइकिल रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रैली भारत की आजादी




के संघर्ष के अगुवा रहे लोगों के आवास पर जाकर समाप्त होगी। उन्होंने नेशनल लाइब्रेरी परिसर में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में आजादी की लड़ाई में शामिल रहे उन बांकुरों के बारे में जानकारी दी गयी जिन्हें विभिन्न कारणों से भुला दिया गया है।

# एलएसी पर तनाव कम करने को भारत-चीन सैन्य वार्ता शुरू

नई दिल्ली। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव को कम करने के लिए भारत और चीन के बीच सैन्य वार्ता आज सुबह शुरू हुई। कोर कमांडर की बैठक का १०वां दौर सुबह १० बजे चीनी क्षेत्र के मोल्दो में शुरू हुआ। भारतीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह स्थित १४ कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पी.जी.के. मेनन कर रहे हैं। कोर कमांडर की चर्चा में हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा और ६०० वर्ग किमी डेपसांग के मैदानों जैसे क्षेत्रों से जवानों को हटाने पर बात होगी। डेपसांग में सैन्य जमावड़े को अब तक मौजूदा गतिरोध का हिस्सा नहीं माना जा रहा था जो पिछले साल मई में शुरू हुआ था। बहरहाल, भारत ने हाल के सैन्य कमांडर की बैठकों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सभी मुद्दों को हल करने पर जोर दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक प्रयास गोगरा और हट स्प्रिंग्स को हल करने के लिए किया जाएगा। डेप्सांग का समाधान खोजना मुश्किल हो सकता है और अधिक समय ले सकता है। कोर कमांडर स्तर के वर्तमान दौर की बैठक के दौरान प्रतिनिधि पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी तट से सैनिकों को हटाए जाने की स्थिति की भी पड़ताल करेंगे। बहरहाल, बैठक से ठीक एक दिन पहले चीन ने एक मनोवैज्ञानिक युद्ध शुरू किया, जब उसने सोशल मीडिया पर गलवान घाटी संघर्ष का एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में भारतीय सेना पर आक्रामक होने और संघर्ष शुरू करने का आरोप लगाया। भारतीय सेना ने चीन द्वारा जारी इस वीडियो पर प्रतिक्रिया नहीं दी और इस मुद्दे पर चुप्पी बनाए रखी। यह वीडियो चीन में एक प्राइवेट न्यूज चौनल पर जारी किया गया था और उसके बाद यह वायरल हो गया। चीन ने पिछले साल १५ जून को हुई झड़प का वीडियो आठ महीने बाद जारी किया है। इसमें भारत के २० सैनिकों ने वीरगति प्राप्त की। इस सप्ताह चीन ने स्पष्ट रूप से अपने चार सैनिकों के मारे जाने का दावा किया, जबकि अब तक वह सैनिकों के मारे जाने की बात से इनकार करता रहा था। चीन ने पहली बार कल हिंसक झड़पों में मारे गए अपने सैनिकों के नाम जारी किए हैं। अब तक पैंगोंग झील के दोनों किनारों पर ही सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। १० फरवरी को चीन ने घोषणा की थी कि नई दिल्ली और बीजिंग पैंगोंग झील से सैनिकों को पीछे हटाने के लिए सहमत हो गए हैं। चीनी पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) टीम के साथ-साथ भारतीय सेना की टीम पैंगोंग झील सैनिकों के हटने का सत्यापन और पुनरू सत्यापन कर रही है। समझौते में कहा गया है कि चीनी सैनिक वापस फिंगर ८ पर चले जाएंगे और भारतीय सेना पैंगोंग झील के उत्तरी तट के फिंगर २ और ३ के बीच धन सिंह थापा की चौकी पर वापस आ जाएगी। इसके अलावा, पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त सहित सैन्य गतिविधियों पर अस्थायी रोक होगी। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर १० महीने से गतिरोध बना हुआ है।

# बॉर्डर पर किसानों के समर्थन में पहुंची चलती फिरती झोपड़ी

गाजीपुर बॉर्डर। कृषि कानून के खिलाफ करीब तीन महीने से सीमाओं पर किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी है, ऐसे में गाजीपुर बॉर्डर पर हरियाणा के रोहतक जिले से एक किसान



चलती फिरती झोपड़ी लेकर किसानों के समर्थन में पहुंचा हुआ है। इस झोपड़ी की खासियत ये है कि इसे एक ऑटो के ऊपर बसाया गया है, इसमें सोलर सिस्टम भी है, जिससे पंखा, लाइट और म्यूजिक सिस्टम चल सकें। वहीं इसे एक जगह से दूसरी जगह भी आसानी ले जाया सकता है। रोहतक जिले के निवासी सोनू ने बताया, "किसानों के समर्थन में हम यहां पहुंचे हुए हैं, इस झोपड़ी में सभी सुविधा मुहैया कराई गई है, इसमें सोलर सिस्टम लगा हुआ है जिससे कि इसमें लाइट और म्यूजिक सिस्टम चलता है। उन्होंने कहा, रोशनी के लिए एक बल्ब लगा रखा है, वहीं पंखे की भी व्यवस्था की गई है। हम सिंघु बॉर्डर , टिकरी और अन्य बॉर्डर पर भी हो कर आ चुके हैं। हालांकि जब झोंपडी के मालिक से पूछा गया कि क्या इसे पुलिस नहीं रोकती ? तो इसके जवाब में सोनू ने कहा कि कोई नहीं रोकता बल्कि सड़को पर चल रहे लोगों को ये काफी पंसद आती है। झोपड़ी के साथ आए किसानों का कहना है कि जब तक कृषि कानून वापस नहीं होगा तब तक हम ऐसे ही बॉर्डर पर घूमते रहेंगे।

# दिशा रवि की जमानत पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। किसान आंदोलन का समर्थन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के साथ किसान आंदोलन से जुड़ा टूलकिट साझा करने के आरोप में गिरफ्तार दिशा रवि को अभी जेल में रहना होगा। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गिरफ्तार पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि की जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट इस पर मंगलवार यानी २३ फरवरी को फैसला सुना सकती है। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले शुक्रवार को पुलिस ने दिशा को अदालत में पेश करते समय कहा था कि उन्हें दिशा को दो अन्य आरोपियों के सामने बैठा कर २२ फरवरी को पूछताछ करनी है। बहरहाल, शनिवार को दिशा की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि भारत को बदनाम करने की ग्लोबल साजिश में दिशा भी शामिल है। पुलिस ने कहा कि किसान आंदोलन की आड़ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। दिशा ने सिर्फ टूलकिट बनाई और शेयर नहीं की, बल्कि वह खालिस्तान की वकालत करने वाले के संपर्क में भी थी। पुलिस ने दावा किया कि खालिस्तानी संगठनों ने दिशा का इस्तेमाल किया। हालांकि दिशा के वकील ने इन आरोपों को निराधार बताया। साथ ही अदालत ने भी पुलिस के अनुमानों पर सवाल उठाए। पुलिस ने बताया कि यह पूरा मामला सिर्फ टूलकिट का नहीं था। इसका असली मकसद भारत को बदनाम करना और अशांति फैलाना था। पुलिस ने कहा कि दिशा ने व्हाट्सऐप चौट डिलीट की, क्योंकि



उसे कानूनी कार्रवाई का डर था। इससे पता चलता है कि टूलकिट के पीछे बहुत बड़ी साजिश थी। इस पर अदालत ने पूछा- आपके पास क्या सबूत है कि टूलकिट और २६ जनवरी को हुई हिंसा में कोई संबंध है। इस पर दिल्ली पुलिस ने कहा कि अभी जांच चल रही है और पुलिस को इनकी तलाश करनी है। इससे पहले शुक्रवार को अदालत ने दिशा को पांच दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने अदालत को बताया था कि दिशा ने मामले में सह आरोपी शांतनु और निकिता जैकब पर सारे आरोप डाल दिए थे। लिहाजा, पुलिस २२ फरवरी को दिशा, शांतनु और निकिता को आमने-सामने बैठा कर बातचीत कराना चाहती है। ऐसे में दिशा की रिमांड जरूरी है। सो, संभव है कि २२ फरवरी को दिशा को फिर पुलिस रिमांड में भेजा जा सकता है। इस बीच स्वीडेन की पर्यावरण कार्यकर्का ग्रेटा थनबर्ग ने दिशा रवि का समर्थन किया है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि बोलने की आजादी और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता। किसी भी लोकतंत्र में यह मूल अधिकार होना चाहिए। इससे पहले ग्रेटा ने तीन फरवरी को ट्विटर पर किसान आंदोलन का समर्थन किया था और उससे जुड़ी टूलकिट शेयर की थी। इसके अगले दिन उन्होंने एक ट्विट कर कहा था कि कोई भी ताकत उन्हें किसानों का समर्थन करने से रोक नहीं सकती। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने १४ फरवरी को दिशा को बेंगलूरू से गिरफ्तार किया था।

# एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। । थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान सेमराज नहर पुलिया के पास से मु०अ०सं० २२६२१ धारा ४५७,३८०,५११ भादवि० में प्रकाश में आया अभियुक्त अरविन्द पुत्र रामकरन निवासी ने वादा थाना भीमपुरा जनपद बलिया को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## शांति भंग की आशंका में १२ व्यक्ति गिरफ्तार–

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा विनोद कनौजिया निवासी गोठा थाना दोहरीघाट, थाना घोसी पुलिस द्वारा मुलायम यादव, रामदुलारे यादव निवासीगण सराय गणेश, अनिल यादव, शिवबचन यादव निवासी करन पुर बडराइच थाना घोसी, थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा हरिकेश सिंह निवासी मानपुर थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़, बालल खंदर, राजकुमार प्रसाद निवासी गण हलधरपुर, ष्णा नन्द वर्मा, लल्लन वर्मा निवासी गण अइलख थाना हलधरपुर, थाना सराय लखंसी पुलिस द्वारा धर्मु यादव, चन्द्रमा यादव निवासीगण नसरपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा १५१ सीआरपीसी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। बरमबाबा मंदिर पर किसान गोष्ठी का आयोजन समाजसेवी विमल कुमार द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संसद रत्न अजय मिश्रा टेनी जी रहे उन्होंने किसान बिल पर चर्चा की और उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा किसानों में भ्रम पैदा किया जा रहा और किसानों को बरगलाने का काम किया जा रहा है और सभा को सम्बोधित किया। विमल ने सांसद जी को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। गोष्ठी में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह,दीपक तलवार, मंडल अध्यक्ष शशिशंकर शुक्ला, आरडी राय, सतीश चौधरी, ब्लॉक सयोंजक नन्द किशोर अवस्थी, ओम प्रकाश अग्रवाल, किसान अचल मिश्रा, भाजयुमो जिला मंत्री सौरभ अग्रवाल,नितिन अग्रवाल, ज्ञानप्रकाश मिश्रा जी, धीरेन्द्र दिक्सित, चरन सिंह, महेश, श्याम सिंह, राकेश, प्रदीप, अरविंद, सूरज, रमेश, कंचन, हुकुम सिंह, नवल, अवधेश मिश्रा, नरेश, शिशुपाल ,अनिल, दिनेश सिंह, रामौतार सिंह, गुरुदयाल, डॉ संजय, प्रमोद व सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने हेतु मिली प्रथम किस्त

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सीएम पर्यटन संवर्धन योजना में जिले के दो पर्यटन स्थलों को विकसित करने हेतु शासन ने ५०–५० लाख की धनराशि प्रशासनिक–वित्तीय स्वींति प्रदान की। उन्होंने बताया कि सीएम पर्यटन संवर्धन योजना में पर्यटन विभाग से वित्तपोषण सीमा अधिकतम ५० लाख होने के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष २०२०–२१ में राज्य योजना से सीएम पर्यटन संवर्धन योजना में जिला खीरी के मोहम्मदी बाबा जंगली नाथ मंदिर का पर्यटन विकास व निघासन स्थित काली माता मंदिर व बाबा रामदास मोटे बाबा कुल ०२ पर्यटन स्थलों के विकास हेतु चयनित कार्यदाई संस्था उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. (यूपी आरएनएसएस) के तैयार आगणन के सापेक्ष ५०–५० लाख धनराशि की प्रशासनिक–वित्तीय स्वींति प्रदान की। इस योजना में उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. द्वारा तैयार किए गए आगणन के सापेक्ष विभागीय अप्रेजल समिति द्वारा आकलित लागत के अनुसार प्रशासनिक–वित्तीय स्वीकृति मिल गई। जिसकी प्रथम किस्त की २५–२५ लाख धनराशि संबंधित कार्यदाई संस्था के खाते में भेज दी गयी।

## अवैध कच्ची शराब की रोकथाम के लिए बुलाई चौकीदारों की बैठक

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली में क्षेत्र के सभी चौकीदारों को पंचायत चुनाव को लेकर अवैध कच्ची शराब बनाने और बचने को लेकर गुप्त सूचना देने के लिए सदर कोतवाली में बैठक बुलाई, चौकीदारों से गुप्त सूचना देने के लिए आबकारी इंस्पेक्टर पंकज विवेक ने अपना मोबाइल नंबर सभी चौकीदारों को दिया साथ ही जिले के बाहर से आने वाली अवैध कच्ची शराब की गुप्त जानकारी देने वाले चौकीदारों व अन्य लोगों को आब्कारी विभाग की तरफ से प्रोत्साहित भी किया जाएगा, इस मीटिंग में एसएसआई शिव प्रकाश पांडे,आरक्षी आर एन यादव भी मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का लोकार्पण

## फूलों की बारिश के साथ पालिकाध्यक्ष का क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत

## सकारात्मक बदलाव एवं विकास की ओर मऊ नगर है अग्रसर-तय्यब पालकी

**मो० अरशद**

मऊनाथ भंजन। नगर क्षेत्र स्थित वार्ड सं० २४ मदनपुरा उत्तरी खुदबगिया में नेसार से अबरार तक लगभग ८.८३ लाख रुपये की लागत से नाली व सी०सी० इण्टरलाकिंग व वार्ड नं० ०७ मु० भीटी में विनोद गुप्ता के मकान से चन्द्रिका के मकान तक लगभग ६.५० लाख रुपये की लागत से अहमद शब्बु की उपस्थिति में नगर पालिकाध्यक्ष श्री मुहम्मद तय्यब पालकी के हाथों सम्पन्न हुआ। यह कार्य संयुक्त रुप से लगभग ३२.१३ सभासदगण व क्षेत्रीय जनता ने इस मौके पर पालिकाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया, तो वही वार्ड नं० २४ मदनपुरा उत्तरी खुदबगिया में लोगो ने अपने छतों से फूलों की बारिश कर बताया कि नगर क्षेत्र में पानी निकासी को सुचारू बानाने के लिये नाला एवं नाली की मरम्मतः निर्माण कराये जा रहे है, पाइप लाइन स्थापित की जा रही है, रोड लाइट की व्यवस्था एवं रास्ते बनायें जा रहे हैं, जलनिकासी की सुचारू व्यवस्था पर काम चल रहा है। जिसके पूर्ण होने से नगरवासियों को कई प्रकार की




निर्मित नालीधनाली मरम्मत आर०सी०सी० पटिया व इण्टरलाकिंग एवं वार्ड नं० २८ मु० सहादतपुरा द०पू० में डा० एस०सी०तिवारी रोड पर रविन्द्र के मकान से ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय तक होते हुए अमरनाथ के मकान तक लगभग ५.६६ लाख रुपये की लागत से निर्मित नाली पटिया व इण्टरलाकिंग मरम्मत तथा वार्ड नं० २३ मु० भरहूपुरा में तिब्बिया हास्पिटल से मुन्नू बाबू तक लगभग ७.८४ लाख रुपये की लागत से निर्मित नाली एवं सी०सी० इण्टरलाकिंग कार्य का लोकार्पण वार्ड सभासद विनय कुमार सिंह, शहरयार सभासद प्रतिनिधि राजीव सैनी, फिरोज पालिकाध्यक्ष का स्वागत किया। क्षेत्रीय सभासदों ने कहा कि पालिकाध्यक्ष द्वारा नगर के प्रत्येक वार्डो में विकास सम्बन्धी निर्माण कार्य कराये जा रहे है। जिससे शहर की सूरत तेजी से बदल रही है। हम इसके लिये श्री पालकी के अत्यन्त आभारी हैं। लोकार्पण के इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मु० तय्यब पालकी ने अपने सम्बोधान में कहा कि नगर के समुचित विकास के प्रति बोर्ड पूर्ण रूप से कार्य कर रहा है। पालिका कर्मियों, अधिकारियों एवं ठेकेदारों के कार्यो की मानीटरिंग भी मेरे द्वारा की जा रही है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि विकास से सम्बन्धित निर्माण कार्यों को तेजी से निपटाया जा रहा है। इस क्रम में उन्होंने सुविधायें प्राप्त हो जायेंगी। उन्होंने बताया कि नगर में निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष रूप से लगातार नजर रखी जा रही है। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई शिथिलता क्षम्य नहीं है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि हम नगर को सकारात्मक बदलाव एवं विकास की ओर ले जा रहे हैं और इसके लिये हमारे द्वारा नगर में बेहतर व्यवस्था देने हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी काम किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड सभासद विनय सिंह, शहरयार, राजीव सैनी, फिरोज अहमद शब्बु, अबरार अहमद, जावेद अहमद, आसिफ पप्पु आदि के इलावा स्थानीय लोग उपस्थिते थे।

# खीरी में होगा प्रधानी की 1165 सीटों पर चुनाव

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। प्रधानी के लिए खीरी जिले में ११६५ सीटों पर चुनाव होना है. इसमें दो अनुसूचित जनजाति महिलाओं समेत छह सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रहेंगी. इसमें तीन सीटें पलिया ब्लॉक में और तीन सीटें निघासन ब्लॉक की होंगी. वहीं अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए ६५ सीटें आरक्षित रहेंगी. साथ ही अनुसूचित जाति के लिए १७३ सीटें. १०८ सीटें पिछड़ी जाति (महिला) के लिए आरक्षित रहेंगी. वहीं पिछड़ा वर्ग के लिए १९६ सीटें आरक्षित रहेंगी. जिले में कुल ३९५ सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी. वहीं ५८४ सीटों पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवार चुनाव लड़ सकेंगे। डीपीआरओ शौम्य शील सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सबसे पहले तो ग्राम पंचायतों को जनसंख्या के घटते क्रम में लगाना है. इसके बाद चयनित करना है कि वो ग्राम सभाएं कौन–कौन हैं जो अभी तक कभी आरक्षित नही रहीं. फिर सबसे पहले अनुसूचित जन जाति का आरक्षण तय करना है. इसके बाद बची सीटों पर अनुसूचित जाति, ओबीसी महिला फिर ओबीसी आरक्षण तय किया जाएगा। डीपीआरओ ने बताया कि आरक्षण में यह बात भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि जिस वर्ग के लिए या जाति के लिए सीट आरक्षित हो रही है. उस जाति के कम से कम दो उम्मीदवार या लोग उस गांव में जरूर होने चाहिए. क्योंकि अगर उस जाति का एक व्यक्ति ही मौजूद होगा तो वह निर्विरोध निर्वाचित हो जाएगा. वहीं इस दौरान डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में एडीओ और बीडीओ समेत आरक्षण सूची बनाने में शामिल सभी कर्मचारियों को नियम कानून का सैद्धान्तिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया. डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी को निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइंस के अनुसार पूरी ईमानदारी बरतते हुए लगन और मेहनत से सूची तैयार करनी है. उन्होंने कहा कि बीडीसी और ग्राम पंचायत सदस्य के आरक्षण की सूची बीडीओ और ब्लक प्रमुख वहीं प्रधान और जिला पंचायत सदस्यों की सूची डीपीआरओ स्तर पर तय की जाएगी।

# हमारी कई समस्याओं का हल कर सकती है सर्कुलर इकोनमी: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत–ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनमी हैकथन अवार्ड सेरेमनी को वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए कहा कि सकरुलर इकोनमी (चक्रीय अर्थव्यवस्था) हमारी कई समस्याओं को हल करने में सहायक हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसाधन दक्षता में सुधार पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद विश्व को आकार देने में भारत–अस्ट्रेलिया की मजबूत भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारे युवा, इनोवेटर्स, स्टार्टअप, इस साझेदारी में सबसे आगे होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के प्रतिभागी युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा, "आज के युवा प्रतिभागियों की ऊर्जा और उत्साह भारत और अस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती साझेदारी का प्रतीक है। मुझे अपने युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और अउट अफ बक्स सोच पर पूरा भरोसा है। वे हमारे दो देशों को ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को स्थाई समाधान दे सकते हैं।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "इस हैकाथन ने भारत और अस्ट्रेलिया के अभिनव समाधानों को देखा। ये इनोवेशन (नवाचार) हमारे देशों को सकुर्लर इकोनमी समाधानों के लिए प्रेरित करेंगे। अब हमें इन विचारों को धरातल पर उतारने का विचार करना चाहिए।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "सर्कुलर अर्थव्यवस्था की अवधारणा हमारी कई समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। रीसाइक्लिंग, कचरे को खत्म करना और संसाधन दक्षता में सुधार करना हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए।" बता दें कि ४ जून, २०२० को भारत और अस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों ने बाचतीत के दौरान दोनों देशों में चक्रीय आर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनमी) को बढ़ावा देने के लिए नवाचारों की आवश्यकता जताई थी। जिसके बाद आयोजित हुए भारत–अस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनमी हैकथन में बढ़चढ़ कर युवाओं ने भाग लिया।

# टीकाकरण में शामिल होंगी निजी कंपनियां



नई दिल्ली। कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए चल रहे वैक्सीनेशन अभियान में अब निजी कंपनियों को भी शामिल किया जाएगा। भारत में १६ जनवरी को टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था और ३२ दिन में ६० लाख से ज्यादा लोगों को टीके लगाए गए। हालांकि इसकी रफ्तार बहुत कम है। तभी उद्योग जगत की मांग को देखते हुए सरकार ने फैसला किया है कि इस अभियान में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा ने गुरुवार को कोविड वैक्सीन की मौजूदा स्थिति और आगे इसमें तेजी लाने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में कैबिनेट सचिव और स्वास्थ्य सचिव सहित भारत सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाद में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बताया गया कि टीकाकरण अभियान में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाने का फैसला किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है– अभी करीब दो प्राइवेट अस्पताल टीकाकरण अभियान में शामिल है, जैसे–जैसे अभियान आगे बढ़ेगा प्राइवेट अस्पतालों की संख्या और ज्यादा बढ़ाई जाएगी। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि बैठक में निजी क्षेत्र को मौजूदा टीकाकरण अभियान में किस तरह शामिल किया जाए, इसको लेकर योजनाओं पर चर्चा हुई। इससे ५० साल से ऊपर के टीका लगवाने वाले लोगों को कोविड वैक्सीन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाने में आसानी रहेगी। गौरतलब है कि उद्योग परिसंघ, सीआईआई के अध्यक्ष उदय कोटक ने १४ जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिख कर कहा था कि अस्पतालों को गंभीर मरीजों और कीमत चुकाने वाले लोगों को वैक्सीन देने की अनुमति मिलनी चाहिए, जिससे कम से कम समय में वैक्सीन सभी तक पहुंचना सुनिश्चित हो लेकिन साथ ही उन संसाधनों पर भी असर न पड़े, जो सरकार की रणनीति के तहत लाभार्थियों के लिए हैं। सीआईआई के मुताबिक, टीकाकरण अभियान से देश में व्यापार को अच्छा खासा फायदा होगा।

# जस्टिस गोगोई के खिलाफ मामला बंद



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई के खिलाफ दायर यौन उत्पीड़न के मामले में सर्वोच्च अदालत ने सुनवाई बंद कर दी है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि इस मामले की जांच कर रहे पूर्व जस्टिस एके पटनायक की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर यह केस बंद किया जा रहा है। गौरतलब है कि उन्हें साजिश की जांच करने का काम सौंपा गया था। अदालत ने कहा कि केस को दो साल बीत चुके हैं, ऐसे में साजिश की जांच के लिए जरूरी इलेक्ट्रनिक रिकार्ड हासिल करने की संभावना बहुत कम रह गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील उत्सव बैंस ने जस्टिस रंजन गोगोई पर लगे यौन शोषण के आरोपों के पीछे साजिश होने का दावा किया था। अदालत ने कहा कि इस मामले में साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता। असल में, जस्टिस गोगोई ने चीफ जस्टिस रहते हुए कुछ बड़े फैसले किए, जिससे साजिश की संभावना को बल मिलता है। रिपोर्ट में एक इंटेलीजेंस ब्यूरो के इनपुट का हवाला भी है। इसमें बताया गया है कि असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी को आगे बढ़ाने की वजह से कई लोग जस्टिस गोगोई से नाखुश थे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की एक पूर्व महिला कर्मचारी ने जस्टिस गोगोई पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। यह महिला २०१८ में जस्टिस गोगोई के आवास पर बतौर जूनियर कोर्ट असिस्टेंट काम करती थी। महिला का दावा था कि बाद में उसे नौकरी से हटा दिया गया था। महिला ने अपने हलफनामे की कॉपी २२ जजों को भेजी थी। इसी आधार पर चार वेबसाइट्स ने चीफ जस्टिस के बारे में खबर प्रकाशित की। अप्रैल २०१६ में मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई थी।

# टी-२० विश्व कप में २० खिलाड़ियों के साथ उतर सकती है न्यूजीलैंड



ऑकलैंड। न्यूजीलैंड इस साल भारत में होने वाले टी–२० विश्व कप में २० खिलाड़ियों के साथ उतर सकती है। इसमें कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अब तक पदार्पण भी नहीं किया है। कोच गैरी स्टीड ने इसकी जानकारी दी है। अन्य टीमें आमतौर पर १५ खिलाड़ियों के साथ विश्व कप जैसे टूर्नामेंटों में भाग लेती है। स्टोव ने स्टफ डॉट को डॉट एनजेड से कहा, इस समय कोविड जिस तरह से और जिस तरह से दुनिया इतनी तेजी से बदल रही है, मुझे उम्मीद है कि टीम में अधिकतम २० खिलाड़ी हो सकते हैं। मुझे लगता है कि यह उम्मीद करना यथार्थवादी है कि विश्व कप के लिए उन खिलाड़ियों का चयन किया जा सकता है, जो न्यूजीलैंड (टी २०) में नहीं खेले होंगे। न्यूजीलैंड को अब सोमवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी–२० सीरीज खेलनी है। स्टीड ने कहा, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली दो सीरीज में ये टीमें हमसे अधिक रैंक की थी और हमने उनके खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। हमने कुछ अच्छे क्रिकेट खेले हैं।

# प्रोटेम सभापति को पद से हटाने को सपा लाई अविश्वास प्रस्ताव, उप सभापति ने लिया ये निर्णय

लखनऊ। भाजपा सदस्य कुंवर मानवेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रोटेम सभापति पद से हटाए जाने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) सदस्यों द्वारा पीठ के समक्ष प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव शुक्रवार को नामंजूर कर दिया गया। इसके विरोध में सपा के सभी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। अधिष्ठाता (उप सभापति) सुरेश कुमार त्रिपाठी ने सपा सदस्यों द्वारा पेश अविश्वास संबंधी नोटिस और गत पांच फरवरी और १८ फरवरी को प्रस्तुत संकल्पों पर अपना निर्णय सुनाते हुए कहा "क्योंकि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्यक्रम संचालन नियमावली १९५६ का नियम १४३, निर्वाचित सभापति और उपसभापति को पद से हटाए जाने के संबंध में है, इसलिए अब यह नियम सभापति और उपसभापति का पद रिक्त होने की दशा में राज्यपाल द्वारा सभापति के पद के दायित्वों के निर्वहन के लिए नियुक्त किए गए सभापति पर लागू नहीं होता।" उन्होंने कहा "सपा सदस्यों नरेश चंद्र उत्तम और राजपाल कश्यप द्वारा प्रस्तुत संकल्प में सामयिक सभापति शब्द का प्रयोग किया गया। अतः उपरोक्त नियम १४३ के अंतर्गत दिया गया संकल्प स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है, लिहाजा यह संकल्प अग्राह्य किया जाता है।" सुरेश कुमार त्रिपाठी ने सपा सदस्यों राजेश यादव और शशांक यादव द्वारा दिए गए संकल्प पर भी निर्णय सुनाते हुए कहा "क्योंकि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली १९५६ के नियम १७ (१) के अधीन सभापति निर्वाचन की तिथि राज्यपाल द्वारा नियत की जाती है इसलिए उनके द्वारा निर्वाचन की तिथि नियत किए जाने पर सभापति के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। तदनुसार यह संकल्प भी स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। इसके अलावा १८ फरवरी को दिए गए अन्य संकल्प को भी उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अग्राह्य किया जाता है।" अधिष्ठाता के इस निर्णय पर सपा के सदस्य खिन्न दिखे। सदन में सपा और विपक्ष के नेता अहमद हसन ने कहा कि वह पीठ के निर्णय पर सवाल नहीं उठा रहे हैं लेकिन सदन में बहुमत होने के बावजूद सपा को उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय पर उन्हें बहुत दुख हुआ है। इसके बाद सपा के सभी सदस्य सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए। दरअसल सपा सदस्यों ने प्रदेश विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली १९५६ के नियम १४३ के तहत पीठ के समक्ष प्रस्ताव किया था कि वर्तमान 'सामयिक' सभापति में सदन को विश्वास नहीं है और सदन यह संकल्प लेता है कि सामयिक सभापति को उनके पद से हटाया जाए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पिछले महीने भाजपा सदस्य कुंवर मानवेंद्र सिंह को विधान परिषद के प्रोटेम सभापति पद की शपथ दिलाई थी।

# जापान की ओसाका बनी ऑस्ट्रेलियन ओपन चौंपियन

मेलबोर्न। जापान की नाओमी ओसाका ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए अमेरिका की जेनिफर ब्रॉडी को आज लगातार सेटों में ६–४, ६–३ से हराकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीत लिया। ओसाका का यह चौथा ग्रैंड स्लेम खिताब है। ओसाका ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है। उन्होंने इससे पहले २०१६ में भी ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। ओसाका ने २०१८ और २०२० में यूएस ओपन का खिताब जीता है। तीसरी सीड ओसाका ने २२वीं सीड ब्रॉडी को एक घंटे १७ मिनट में पराजित किया।

# अद्भुत विवाह : मृत लडके लड़कियों का विवाह

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

दुनिया के हर समाज में शादियों का खास महत्व होता है. मानव सभ्यता के साथ ही यह नियम भी बनाया गया है कि शादी के बाद कानूनी तौर पर एक स्त्री और पुरुष एक साथ रह हैं और वंश




वृद्धि का काम करते हैं.. भारत में बिना शादी किये साथ रहना पाप माना जाता है. इसलिए यहाँ शादी का बहुत ज्यादा महत्व होता है. एक निश्चित उम्र पार कर जाने के बाद हर व्यक्ति की शादी होती है. हर माँ–बाप की इच्छा होती है कि उसका बेटी या बेटी शादी करके घर बसाये और खुशी–खुशी अपना जीवन यापन करे. लेकिन हर माँ बाप की यह इच्छा पूरी नहीं हो पाती है. कुछ बदनसीब माँ–बाप के बेटे शादी के पवित्र बंधन में बंधने से पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह देते हैं. ऐसे में माँ–बाप के दिल पर क्या बीतती है, इसके बारे में बताने की जरुरत नहीं है. भारत एक पारम्परिक देश है और यहाँ तरह–तरह की परम्परा देखने को मिलती है. आज हम आपको एक ऐसे अनोखे गाँव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहाँ सदियों से एक अद्भुत परम्परा निभाई जा रही है. उत्तर प्रदेश के मेरठ के उलधन गाँव में नटों का पुराना गाँव हैं. ये लोग रस्सी पर चलने की कलाबाजी दिखाने में माहिर हैं. इस गाँव में एक अनोखी परम्परा का पालन आज भी किया जाता है. इस गाँव के लोग अपने मरे हुए बच्चों का विवाह जीवित लोगों की तरह करते हैं. इन लोगों को मानना है कि ऐसा करने से उनके बच्चों की आत्मा को शांति मिलेगी और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होगी. नटों के इस समुदाय के अनुसार ऐसा करने के बाद मृतक को दूसरी दुनिया में सभी कष्टों से मुक्ति मिल गयी होगी. बात सन २०१८ की है. यहां पर करीब २१ साल पहले स्वर्ग सिधार गए चार बच्चों की शादी धूमधाम से की गई. इसमें दो लड़कियां थीं और दो लड़के. दुल्हा–दुल्हन की जगह मृतक बच्चों की फोटो रखी गईं और उनका पूरा पूरा श्रृंगार किया गया. बाकायदा बारात निकाली गई और दावत नाच–गाना भी हुआ. मौत के वक्त बच्चों की उम्र पांच और छह साल थी. उल्धन गांव की मंढैया में नट बस्ती है. बस्ती में बुधावार को अनोखी शादी हुई. यहां के राजबीर की बच्ची रूपा का निधान करीब २१ साल पहले पांच वर्ष की उम्र में हो गया था. राजबीर के पड़ोसी मुनेश की बेटी पायल की मृत्यु भी इसी दौरान हुई थी. दूसरी ओर, भावनपुर के आलमपुर गांव निवासी गोविंदा और अक्षय के पुत्र का मौत भी छह साल की उम्र में हो गई थी. बुधवार को आलमपुर गांव से बाराती दोनों मृत बच्चों के फोटो को दूल्हे की तरह सजाकर मंढैया पहुंचे. यहां दोनों बच्चियों के परिवारों में शादी की रश्में निभाई गईं. ढोल और डीजे का इंतजाम किया गया था और पंडाल लगाकर दावत की भी व्यवस्था की गई थी. पूरी बस्ती के साथ रिश्तेदारों को भी इसमें आमंत्रित किया गया था. चढ़त हुई तो बाराती दोनों बच्चों के फोटो पर सेहरा लगाकर पहुंचे. वहीं बच्चियों के फोटो दुल्हन के रूप में सजाकर शादी की रस्में पूरी की गईं. इसके बाद बारातियों और रिश्तेदारों ने भोज ग्रहण किया. कई सालों से चल रही है परंपरा. जब दोनों परिवारों के मुखिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां यह सालों से यह परंपरा चली आ रही है. जब किसी बच्चे की मौत हो जाती है तो उसके बालिग होने पर उनकी इलाके की मृत बच्चियों से शादी की जाती है. इसके लिए लड़कियों की तलाश दुल्हन की तरह ही की जाती है. बारात में शामिल बुजुर्गों का कहना है कि यह परंपरा काफी समय पहले से चली आ रही है. वे ऐसा इसलिए करते हैं क्यों कि उनका मानना है कि बचपन में भगवान को प्यारे होने वाले बच्चे हमेशा उनके साथ रहते हैं. उनकी शादी भी उसी उत्सुकता से इंतजार किया जाता है जितना कि जिंदा लोगों की शादी का. इसकी तैयारी भी काफी समय पहले सी होती है.।

# पेटीएम मनी ने शुरू की एफ एंड ओ में निवेश की सुविधा

नई दिल्ली। भारत के घरेलू डिजिटल वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म पेटीएम ने आज घोषणा की कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पेटीएम मनी ने फ्यूचर्स एंड अप्शंस (एफ एंड ओ) ट्रेडिंग को सभी के लिए खोल दिया है। इसका उद्देश्य एक महत्वपूर्ण धन प्रबंधन उत्पाद (वेल्थ मैनेजमेंट प्रॉडक्ट) के रूप में एफ एंड ओ ट्रेडिंग के साथ जनता को सशक्त बनाना है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसे अपने अर्ली एक्सेस प्रोग्राम के लिए १ लाख से अधिक अनुरोधों के साथ अपने प्लेटफॉर्म पर एफएंडओ ट्रेडिंग के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। ट्रेडिंग अब सभी के लिए पेटीएम मनी एप और वेबसाइट पर लाइव है। कंपनी ने दावा किया है कि वह फ्यूचर्स एंड अप्शंस ट्रेडिंग के लिए १० रुपये में सबसे कम और सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी ब्रोकरेज की सुविधा यूजर्स को दे रही है। कंपनी ने डिलीवरी के लिए शून्य और इंट्राडे ट्रेडिंग के लिए प्रति ट्रांजेक्शन ट्रेडिंग फीस केवल १० रुपये रखी है, जो कि काफी कम है। पेटीएम मनी द्वारा लिया जाने वाला यह शुल्क ग्राहकों को अन्य प्लेटफर्म्स की तुलना में काफी कम पड़ेगा। मूल्य कम होने के साथ–साथ यह अनुभवी से लेकर पहली बार ट्रेडिंग कर रहे व्यापारियों को उनके मोबाइल पर एक सुरक्षित वातावरण में बेस्ट–इन–क्लास उत्पाद के साथ फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में व्यापार करने का लाभ मिलेगा। एफएंडओ प्लेटफॉर्म में सहज यूआई और आसान अनबोर्डिंग है, जो एफ एंड ओ ट्रेडिंग को हर भारतीय के लिए सुलभ और संभव बनाता है। पेटीएम मनी ने अपने बयान में कहा है कि अर्ली ऐक्सेस प्रोग्राम के दौरान कंपनी ने टियर–३, टियर–४ और शेष भारत के अन्य शहरों से एफ एंड ओ ट्रेड में बड़े पैमाने पर दिलचस्पी देखी है। कंपनी ने ३० वर्ष से कम आयु के उपयोगकर्ता आधार और महिला निवेशकों में धन उत्पादों के प्रति भी रुचि में वृद्धि दर्ज की है। पेटीएम मनी का उद्देश्य सभी भारतीयों के लिए स्टॉक ट्रेडिंग को सरल बनाना है, चाहे वे अनुभवी व्यापारी हों या पहले से बाजार में निवेश करने वाले व्यापारी हों। यही वजह है कि कंपनी ने अपनी एप और वेबसाइट दोनों के माध्यम से निवेश और व्यापार करने की सुविधा दी है, जिसे संचालित करना बेहद सरल है।

## रियलमी रेस को 'जीटी ५जी' के रूप में ४ मार्च को किया जाएगा लॉन्च

नई दिल्ली। रियलमी ने आज अपने आगामी फ्लैगशिप स्मार्टफोन को लॉन्च करने का ऐलान कर दिया है। इसका कोडनेम 'रेस' रखा गया है, जिसे आधिकारिक तौर पर रियलमी जीटी के नाम से दुनियाभर में ४ मार्च को पेश किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक,




इस सीरीज के स्मार्टफोन में परफर्मेंस का खास ध्यान रखते हुए इसे युवाओं के अनुरूप बनाया गया है। रियलमी इंडिया और यूरोप के सीईओ और रियलमी के वाइस–प्रेसिडेंट माधव सेठ ने अपने बयान में कहा है, रियलमी जीटी हमारे ब्रांड के टैगलाइन 'डेयर टू लीप' पर आधारित है और यह इस बात की ओर एक इशारा है कि इस साल अपने ग्राहकों के लिए रियलमी के पिटारे में क्या कुछ है। रियलमी जीटी इनोवेशन, डिजाइन और प्रोडक्ट वैल्यू के हमारे सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करता है। यह कुछ ऐसा है जिससे युवा खुद को जोड़ पाते हैं। रियलमी जीटी, जीटी स्पोर्ट्स कार के कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जिसे हाई स्पीड और लॉन्ग डिस्टेंस के लिए डिजाइन किया गया था। इसमें बेहतरीन परफॉर्मेंस और कुछ अन्य विश्वसनीय खूबियां भी हैं। यह नया स्मार्टफोन क्वॉलकम स्नैपड्रैगन ८८८ प्रोसेसर से लैस है। साल २०२० में रियलमी ही पहली निर्माण कंपनी थी, जिसने रियलमी एक्स५० प्रो ५जी में क्वॉलकम स्नैपड्रैगन ८६५ ५जी मोबाइल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया था।

# प्रियंका ने कसा तंज- 'जिस दिन न बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम उसे 'अच्छा दिन' घोषित करे सरकार'

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर तंज कसते हुये कहा कि भाजपा सरकार को सप्ताह के उस दिन का नाम 'अच्छा दिन' कर देना चाहिए जिस दिन डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी न हो। प्रियंका ने शनिवार को फेसबुक वाल पर लिखा "भाजपा सरकार को सप्ताह के उस दिन का नाम 'अच्छा दिन' कर देना चाहिए जिस दिन डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी न हो क्योंकि महंगाई की मार के चलते बाकी दिन तो आमजनों के लिए 'महंगे दिन' हैं।" उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों को मुनाफा पहुंचाने की नीयत से मोटा टैक्स लगाकर पेट्रोल डीजल के दाम तो हर रोज बढ़ा रही है मगर किसानों को उनकी उपज का दाम देने में आनाकानी कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा "काले कृषि कानूनों के खिलाफ किसान



बहनों भाइयों का संघर्ष उनकी जीविका से जुड़ा हुआ संघर्ष है। इस सरकार की नियत देखिए। भाजपा सरकार अपने अरबपति मित्रों की तिजोरियां भरने के लिए मोटा टैक्स लगाकर पेट्रोल-डीजल के दाम तो हर रोज बढ़ा रही है लेकिन किसानों को उनकी फसल के दाम नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की जीविका के संघर्ष में वह किसानों के साथ हैं। वहीं राहुल गांधी ने पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में वृद्धि का हवाला देते हुए ट्वीट किया, "महंगाई का विकास!" उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को पेट्रोल की कीमत ९० रुपये प्रति लीटर के स्तर को पार कर गई, जबकि डीजल का दाम बढ़कर ८०.६० रुपये प्रति लीटर हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज लगातार १२वें दिन बढ़ोतरी की।

# दो फर्जी पत्रकार समेत 15 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार


लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने दो फर्जी पत्रकारों समेत १५ आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीजीआई पुलिस ने एक प्रोफेसर का



वीडियो बनाकर ब्लेमेल कर लूटपाट करने वाले कार सवार दो फर्जी पत्रकारों गोरखपुर निवासी सत्येन्द्र कुमार और अयोध्या निवासी सौरभ सिंह को कल पीजीआई इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटे गये पांच हजार रुपये,फर्जी प्रेस और आधार कार्ड के अलावा एक कार जिस पर प्रेस लिखा था बरामद की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वीजरगंज पुलिस ने ८ जुआरियों समेत दस बदमाशों को गिरफ्तार किया जबकि पीजीआई, पारा और गाजीपुर पुलिस ने तीन वांछितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

# रणवीर की '८३' चार जून को होगी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म '८३' इस वर्ष ०४ जून को रिलीज होगी। भारतीय क्रिकेट टीम की पहली वर्ल्ड कप जीत पर बनी फिल्म '८३' में रणवीर सिंह ने मुख्य भूमिका निभायी




है। फिल्म में रणवीर सिं , कपिल देव के किरदार में नजर आयेंगे। रणवीर सिंह ने बताया है कि यह फिल्म चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रणवीर सिंह ने ट्वीट करके फैंस को यह सरप्राइज दिया है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, '४ जून २०२१, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, आपको मिलते हैं सिनेमा हॉल में। गौरतलब है कि फिल्म '८३' पिछले साल ही रिलीज होने वाली थी लेकिन कोरोना वायरस और लॉकडाउन के चलते फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# सिद्धार्थ-कियारा की 'शेरशाह' ०२ जुलाई को होगी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की जोड़ी वाली फिल्म 'शेरशाह'



०२ जुलाई को रिलीज होगी। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की फिल्म 'शेरशाह' का सभी को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 'शेरशाह' की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म निर्माता करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है। करण जौहर ने 'शेरशाह'के दो नए पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, "कैप्टन विक्रम बत्रा की अनकही कहानी बड़े पर्दे पर दिखाए जाने के लिए तैयार है। हम उनकी जर्नी को दिखाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। शेरशाह २ जुलाई २०२१ को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आमिर 'लाल सिंह चड्ढा' के आखिरी शेड्यूल को कारगिल में करेंगे शूट


मुंबई। आमिर खान ने कारगिल में मई-जून के बीच 'लाल सिंह चड्ढा' के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग के लिए अपनी कमर कस ली है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, फिल्म की टीम बर्फ के पिघलने का इंतजार कर रही है ताकि मई-जून के महीने में कारगिल युद्ध के सीक्वेंस को शूट किया जा सके। यह सीक्वेंस फिल्म की कहानी में बहुत महत्व रखता है। ऑस्कर विजेता फिल्म 'फरेस्ट गम्प' के इस




हिंदी रूपांतरण में मुख्य किरदार निभाने के अलावा आमिर इस प्रोजेक्ट के निर्माता भी हैं। सूत्र ने आगे कहा, एक परफेक्टनिस्ट के रूप में जाने जाने वाले आमिर ने 'लाल सिंह चड्ढा' को अपना पैशन बना लिया है। यही वजह है कि वह फिल्म के एडिट और बैकएंड के काम पर भी अपनी नजर बनाये हुए हैं। उन्होंने फैसला लिया है कि जब तक फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो जाती, तब तक वह अपने मोबाइल फोन को स्विच ऑफ रखेंगे, जिससे वह शत-प्रतिशत फिल्म पर अपना ध्यान केंद्रित रख सके। 'लाल सिंह चड्ढा' को पिछले दो वर्षों में सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक माना जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म के साथ आमिर-करीना की जोड़ी अपनी ब्लकबस्टर हिट फिल्म '३ इडियट्स' के बाद एक बार फिर स्क्रीन स्पेस साझा करने के लिए तैयार है। सबसे लोकप्रिय और पुरस्कार विजेता हलीवुड फिल्म 'फरेस्ट गंप' का आधिकारिक रूपांतर होने के अलावा इस जोड़ी ने फिल्म प्रेमियों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है।

# वेब सीरीज 'लव गुरु' में बोल्ड अंदाज में दिखेंगी सोनालिका

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में 'गोल्डन गर्ल' के रूप में चर्चित सोनालिका प्रसाद इन दिनों बेहद व्यस्त हैं। बेहद कम अरसे में चर्चित होने



वाली अभिनेत्री सोनालिका इन दिनों अपनी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। सोनालिका की जल्द ही एक वेब सिरीज रिलीज होने वाली जिसमें वे बोल्ड अंदाज में दिखने वाली है। सोनालिका की पहली वेब सीरीज 'लव गुरु' जल्द ही रिलीज होने वाली है। यह शानदार वेब सिरीज 'वाओ' पर जल्द आने वाली है। जिसका प्रोमो आउट हो गया है। लव गुरु नामक इस वेब सिरीज में सोनालिका अलग बोल्ड अंदाज में दर्शकों को नजर आएंगी। सोनालिका इन दिनों फिल्मों के अलावे कई वेब सिरीज में काम कर रही हैं और कई रिलीज होने वाली हैं। लव गुरु उनकी पहली वेब सिरीज है, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि इस वेब में उनका किरदार काफी बोल्ड है, जो कि प्रशंसकों के लिए सरप्राइज पैकेज होगा।सोनालिका के प्रशंसकों के लिए यह वेब सिरीज लव गुरु बेहद खास होगी, जिसमें उनका लुक और उनका कैरेक्टर बड़ा दिलचस्प है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक